JOHNSON DESIGNERS' CHOICE | TILES AND BATHWARE

सबसे बढ़िया कदम:
सीढ़ियों के लिए चुनाव,
स्टोन के बजाय टाइल्स का.



# 2025 TILE GUIDE

# सीढ़ियाँ आपकी सोच से भी ज़्यादा मायने रखती हैं.

***नमस्ते! मैं अशोक हूँ,*** आपका टाइल एक्सपर्ट.
जब किसी बहुमंजिला घर को बनाने या उसे रिनोवेट करने की बात आती है, तब सीढ़ियों को बस अक्सर केवल कार्यात्मक तत्व के रूप में देखा जाता है. लेकिन असल में ये इससे कहीं बढ़कर हैं. अपने घर की सीढ़ियों के लिए सही मटेरियल के चुनाव का असर न केवल घर के लुक पर पड़ता है, बल्कि इसका संबंध सुरक्षा, टिकाऊपन और रोज़ाना के रखरखाव से भी होता है.



आइए, आज हम इस बात पर विचार करते हैं कि हम अपने घर की सीढ़ियों के लिए ज़्यादा स्मार्ट, ज़्यादा सुरक्षित और ज़्यादा स्टाइलिश विकल्प कैसे चुन सकते हैं, और हमें इसके लिए टाइल्स को ही क्यों चुनना चाहिए, क्योंकि अगर हमारा चुनाव सही रहता है तो टाइल्स अक्सर पारंपरिक प्राकृतिक स्टोन्स, जैसे मार्बल या ग्रेनाइट से बेहतर समाधान साबित होती हैं.

# धारणा बनाम तथ्य

## प्राकृतिक स्टोन *बनाम* टाइल्स

धारणा: सीढ़ियों के लिए प्राकृतिक स्टोन सबसे अच्छे और सबसे शानदार मटेरियल होते हैं.

तथ्य: वैसे तो प्राकृतिक स्टोन्स में एस्थेटिक अपील होती है, पर ये झरझरे (छिद्रयुक्त), फिसलन वाले, रखरखाव में मुश्किल और असमान क्वालिटी के होते हैं, जिससे ये सीढ़ियों के लिए पूरी तरह से ठीक नहीं होते हैं.

सीढ़ियों के लिए विशेष रूप से निर्मित टाइल्स को ***सुरक्षा संबंधी खूबियों को ध्यान में रखकर बनाया जाता है, जैसे ट्रेड लाइनें, बुलनोज़ वाले किनारे, कम पानी सोखना, और एक जैसी फ़िनिश होना.*** इसके कारण ये आधुनिक घरों के लिए कहीं ज़्यादा स्मार्ट और सुरक्षित विकल्प साबित होती हैं.



# सीढ़ियों के लिए पारंपरिक मटेरियल पर फिर विचार करें.

*प्राकृतिक स्टोन, जैसे मार्बल और ग्रेनाइट दशकों से इस्तेमाल होते आए हैं. हालाँकि इनमें कुछ व्यवहारिक खामियाँ भी होती हैं:*

- झरझरेपन के कारण इन पर दाग-धब्बे आसानी से लग जाते हैं.
- ये फिसलन भरे होते हैं, खास तौर पर गीले होने पर.
- इनका रंग बदल जाता है और समय के साथ इनका रखरखाव मुश्किल हो जाता है.

**सीढ़ियों के लिए विशेष निर्मित की गई टाइल्स इन समस्याओं का समाधान हैं. इनकी खूबियों में शामिल हैं:**

- बिल्ट-इन **ट्रेड लाइनें,** बेहतर पकड़ के लिए
- **बुलनोज़ किनारे,** सुरक्षित और हमवार फ़िनिशिंग के लिए
- **फिसलन-रोधक मैट सतह,** फिसलने या गिरने से बचाव के लिए
- **टिकाऊ वेट्रिफाइड बॉडी,** जो दाग-धब्बों और घिसावट से सुरक्षित रहे
- **कम रखरखाव –** बस एक पोछे से ये वापस नई जैसी हो जाती हैं.

जब बात आती है सुरक्षा, टिकाऊपन, स्टाइल और रखरखाव में आसानी की, तब खास तौर पर सीढ़ियों के लिए विशेष निर्मित की गई टाइल्स और भी स्मार्ट अपग्रेड के रूप में उभरती हैं.



# सीढ़ियों के लिए प्राकृतिक स्टोन के बजाय टाइल्स बेहतर क्यों हैं?

*प्राकृतिक स्टोन के बजाय टाइल्स चुनने से हमें अनेक व्यवहारिक फ़ायदे मिलते हैं:*

**लगाने में आसानी:**

टाइल्स रेडी-टू-यूज़ होती हैं और ये स्टैंडर्ड साइज़ में आती हैं:

- **सीढ़ियों के लिए 30 × 120 cm**
- **लैंडिंग और राइज़र के लिए 60 × 120 cm**

**इन्हें साइट पर काटने या शेप देने की ज़रूरत नहीं होती है – यानी समय, मेहनत और खर्च की बचत.**



**रखरखाव हुआ आसान:**

*पानी के 0.05% से भी कम अवशोषण के कारण सीढ़ी विशेष टाइल्स पर दाग-धब्बे नहीं लगते हैं, जिससे ये झरझरे प्राकृतिक स्टोन से कहीं बेहतर होती हैं. इन्हें साफ़ रखने के लिए बस एक पोछा ही काफ़ी होता है.*

**एक जैसी क्वालिटी:**

*टाइल्स का निर्माण नियंत्रित वातावरण में होता है, जिससे इनका कलर, साइज़ और टैक्शचर एक समान रहता है, जबकि प्राकृतिक स्टोन के हर पीस में अक्सर अंतर होता है.*

**टिकाऊपन, इन-बिल्ट:**

*सीढ़ी विशेष टाइल्स का निर्माण मज़बूत वेट्रिफाइड बॉडी से होता है, जिससे इनमें सालों-साल घिसावट या टूट-फूट नहीं होती है और उनकी प्रदर्शन और खूबसूरती बरकरार रहती है.*

# सुरक्षा के साथ स्टाइल भी

*सुरक्षा चुनने का मतलब स्टाइल से समझौता करना नहीं होता है.*
*आज सीढ़ी विशेष टाइल्स में हमारे सामने डिज़ाइनों के ढेरों विकल्प मौजूद हैं:*



- **मार्बल-इंस्पायर्ड लुक्स, जिससे मिले शानदार टच**
- **साल्ट-एंड-पेपर टैक्शचर, अंडरस्टेटेड एलिगेंस के लिए**
- **सॉलिड कलर, आधुनिक न्यूनतम लुक के लिए**

इसमें क्रिएटिव कस्टमाइज़ेशन करना भी आसान होता है.
***30 × 120 cm की स्टेप टाइल्स को 20 × 20cm की राइज़र टाइल्स के साथ पेयर करें (जैसे किसी डेकोरेटिव कलेक्शन से हो),*** ताकि आपकी सीढ़ियों में व्यक्तित्व, टैक्शचर और डिज़ाइन फ़्लेयर की झलक मिले.

*चाहे आप बोल्ड कंट्रास्ट पसंद करते हों, या फिर सूक्ष्म सामंजस्य, सीढ़ियों के लिए विशेष निर्मित की गई टाइल्स को आपके घर की इंटीरियर थीम्स से खूबसूरती के साथ मैच करने के लिए आवश्यकता के अनुसार ढाला जा सकता है.*

# सीढ़ियों की टाइल्स के लिए जांच सूची

*सीढ़ियों की विभिन्न सतहों के लिए टाइल्स का चुनाव करते समय इसका उपयोग एक संदर्भ के रूप में करें:*

## सुरक्षित सीढ़ियों के लिए:



- ✓ **ट्रेड लाइनों** और **बुलनोज़ किनारों** वाली टाइल्स देखें
- ✓ फिसलन-रोधकता के लिए मैट फ़िनिश चुनें

## जल्दी इंस्टॉलेशन के लिए:



- ✓ **रेडी-टू-यूज़ साइज़ लें,** जैसे 30 × 120 cm (स्टेप्स) और 60 × 120 cm (लैंडिंग्स)

## झंझट-मुक्त रखरखाव के लिए:



- ✓ दाग-धब्बों से बचने के लिए **< 0.05% पानी के अवशोषण** वाली टाइल्स अपनाएँ

## स्टाइल के साथ उपयोगिता के लिए:



- ✓ अपने डेकोर के आधार पर **सॉलिड, मार्बल या टैक्शचर्ड डिज़ाइनों** का मिश्रण करें
- ✓ **स्टेप टाइल्स** और **राइज़र टाइल्स** को मिलाकर एक कस्टमाइज़्ड लुक पाएँ

# कौन सा ब्रांड चुनें?

*ऐसे अनेक अच्छे टाइल्स ब्रांड्स हैं, जो सीढ़ियों के लिए सतह के बेहतरीन समाधान देते हैं. लेकिन अगर आप किसी ऐसे ब्रांड की तलाश में हैं, जो **सुरक्षा, टिकाऊपन और शानदार डिज़ाइनों** के बीच लगातार अच्छा संतुलन बनाए रखता है, तो मैं सिफ़ारिश करूँगा **जॉनसन टाइल्स** की.*

**67 सालों से टाइल्स निर्माण में विशेषज्ञता** के साथ जॉनसन भारत के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है, जिसे देश के अनगिनत घर मालिकों ने चुना है.

यह **ब्रांड वास्तविक जगत की आवश्यकताओं के आधार पर अपने उत्पादों के विकास** में निवेश करता है, विशेष रूप से अत्यधिक उपयोग में आने वाली और सुरक्षा की दृष्टि से नाज़ुक जगहों, जैसे सीढ़ियों के लिए.

इनकी टाइलों का उद्देश्य **स्टाइल और व्यवहारिक उपयोगिता** को संयोजित करना तथा अनूठी खूबियाँ प्रदान करना है, जैसे स्किड रेज़िस्टेंस, बिल्ट-इन ट्रेड लाइनें और न्यूनतम रखरखाव.

इनके कलेक्शंस को **विशेष जगहों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है,** जिससे यह सुनिश्चित हो कि फ़र्श से लेकर सीढ़ियों तक हर सतह दैनिक जीवन के लिए ईष्टतम हो.

***विशेष रूप से सीढ़ियों के लिए जॉनसन भारत में पहली बार इंटीग्रेटेड ट्रेड और बुलनोज़ जैसी खूबियों वाली रेडी-टू-यूज़ स्टेयरकेस टाइल्स लेकर आने वाले ब्रांड्स में शामिल है. इसने अपनी टाइल श्रृंखला को बहुत सोच-समझकर तैयार किया है, ताकि सीढ़ियाँ बनें और भी सुरक्षित, और भी स्टाइलिश और रखरखाव में आसान.***

# जॉनसन की स्टेपिंग स्टोन स्टेयरकेस टाइल्स आखिर एक बेहतरीन विकल्प क्यों है?

- ये **टाइल्स बिल्ट-इन ट्रेड लाइनों और बुलनोज़ किनारों के साथ तैयार आती हैं,** जिससे पकड़ और सुरक्षा बेहतर होती है, बगैर कोई अतिरिक्त फ़ैब्रिकेशन करवाए.
- **सतह पर मैट फ़िनिश** होने से फिसलने से बेहतर सुरक्षा मिले, जो सीढ़ियों पर खास तौर पर ज़रूरी होता है.
- **पानी का अवशोषण 0.05% से कम रहे,** जिससे टाइल्स पर दाग-धब्बे नहीं लगें और ये लंबे समय तक टिकाऊ रहें.
- ये सीढ़ियों के लिए अनुकूल **स्टैंडर्ड फ़ॉर्मेट में उपलब्ध होती हैं,** जैसे स्टेप्स के लिए **30 × 120 cm** और लैंडिंग के लिए **60 × 120 cm.**
- डिज़ाइनों की बात करें तो ये **सॉलिड कलर से लेकर साल्ट-एंड-पेपर तथा मार्बल-इंस्पायर्ड फ़िनिश** तक में आती हैं, जिससे आप अपनी सीढ़ियों को अपने घर के ओवरऑल लुक से मैच कर सकते हैं.
- टाइल्स **वेट्रिफाइड** हैं, जिसके कारण आपको भरपूर आवाजाही और दैनिक उपयोग की दृष्टि से बेहतरीन मजबूती मिलती है.
- सीढ़ियों की इन टाइल्स के लिए **कम से कम रखरखाव** चाहिए होता है. बस एक पोछे से ही ये साफ़ और नई जैसी दिखने लगती हैं.





# स्टेयरकेस टाइल्स के लिए

**और अधिक जानें:**

- *अगर आप इस बारे में और अधिक जानकारी लेना चाहते हैं तो* **जॉनसन एक्सपीरियंस सेंटर** *में पधारें, जहाँ सही टाइल्स चुनने में आपको एक्सपर्ट्स का मार्गदर्शन मिलेगा.*

  **https://www.hrjohnsonindia.com/display-centre**

- *अगर आपके आसपास कोई जॉनसन एक्सपीरियंस सेंटर नहीं है, तो निकटतम अधिकृत जॉनसन डीलर का पता लगाने के लिए* **जॉनसन की वेबसाइट देखें.**

  **https://www.hrjohnsonindia.com/dealer-locator**

- *या हमारे* **टाइल स्टूडियो** *को आज़माएँ. यह एक इंटरैक्टिव टूल है, जिसकी मदद से आप यह पता लगा सकते हैं कि आपकी अपनी स्पेस में अलग-अलग तरह की टाइल्स कैसी दिखेंगी.*

  **https://www.hrjohnsonindia.com/johnson-tile-studio**



https://www.hrjohnsonindia.com

**हमारे पूर्ण स्टेयरकेस टाइल्स संग्रह**
*का पता लगाने के लिए*
*इस QR code को स्कैन करें और*
*चुनें अपने घर के लिए उत्तम फ़िट.*

---

**क्या आप अन्य जगहों के लिए भी प्लानिंग कर रहे हैं?**

अगर आप अपने घर की अन्य जगहों के लिए टाइल विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, तो आप इन उपयोगी मार्गदर्शिकाओं को भी देख सकते हैं. आप इनमें से किसी पर भी क्लिक कर सकते हैं. इन्हें उस जगह की खास जरूरतों और उपयोग के आधार पर इस तरह से लिखा गया है कि इनसे आपको सही टाइल्स चुनने में भरपूर मदद मिल सके.

**किचन टाइल्स** | **बाथरूम टाइल्स** | **लिविंग रूम टाइल्स**

**रूफ़/टैरेस टाइल्स** | **बेडरूम टाइल्स**

अपने घर की प्लानिंग करते वक्त, अंतिम चयन से पहले
एक बार सभी विकल्पों को समग्र रूप से देखना
हमेशा अच्छा रहता है – इनसे मदद लें.

---

JOHNSON®
DESIGNERS' CHOICE
TILES AND BATHWARE

वॉट्सएप: +91 84510 57484 • टोल फ्री नंबर: 1800-210-7484
Email ID: tiles.customercare@prismjohnson.in